# हरियाणा विधान सभा

**दिसंबर 2023**

**अतारांकित प्रश्न**

## 19 दिसम्बर 2023

----

**कुल प्रश्न - 17**

----

### महाविद्यालय के भवन को पुनः निर्मित करना

81 **श्री सीता राम यादव ( अटेली):**

क्या उच्चतर शिक्षा मंत्री कृपया बताएंगे कि:-

(क) अटेली में राजकीय महाविद्यालय के भवन के निर्माण की वर्तमान स्थिति क्या है; तथा

(ख) इस महाविद्यालय के भवन को कब तक पुनः निर्मित किए जाने की संभावना है?

----

### अंबेडकर भवन के निर्माण के लिए अनुदान

82 **श्री सीता राम यादव ( अटेली):**

क्या शहरी स्थानीय निकाय मंत्री कृपया बताएंगे कि कनीना नगर पालिका में अंबेडकर भवन के निर्माण के लिए अनुदान कब तक जारी किए जाने की संभावना है तथा उसका ब्यौरा क्या है?

----

### बिजली की तारों को हटाना

83 **श्री सीता राम यादव ( अटेली):**

क्या ऊर्जा मंत्री कृपया बताएंगे किः-

(क) क्या अटेली विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र में घरों के ऊपर से गुजरने वाली बिजली की लाइनों/तारों को हटाने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; तथा

(ख) यदि हां, तो अटेली विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र में ऊपर 'क' के सम्बन्ध में चिन्हित कार्य को कब तक आरंभ किए जाने की संभावना है तथा उसका ब्यौरा क्या है?

----

## रास्तों को पक्का करना

84 **श्री सीता राम यादव ( अटेली)**:

क्या विकास एवं पंचायत मंत्री कृपया बताएंगे कि अटेली विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में सरकार द्वारा खेत-खलिहान योजना के अंतर्गत नए 22 फीट कच्चे रास्तों को कब तक पक्का किए जाने की संभावना है तथा उसका ब्यौरा क्या है?

----

## ग्रीन एक्सप्रेसवे का निर्माण करना

85 **श्री नीरज शर्मा (फरीदाबाद एनआईटी)**:

क्या उप-मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे किः-

(क) क्या यह तथ्य है कि फरीदाबाद को जेवर एयरपोर्ट से जोड़ने के लिए ग्रीन एक्सप्रेसवे का निर्माण किया जा रहा है; यदि हां, तो इसकी घोषणा का समय/तिथि क्या है तथा इसका निर्माण कब तक किए जाने की संभावना है; तथा

(ख) क्या यह तथ्य है कि फरीदाबाद-जेवर एयरपोर्ट ग्रीन एक्सप्रेसवे के मोहना में के.जी.पी पर बड़ा उतार-चढ़ाव (प्रवेश-निकास) जंक्शन बनाने की घोषणा माननीय मुख्यमंत्री द्वारा 3 मई, 2022 को की गई थी; यदि हां, तो उपरोक्त घोषणा की स्थिति क्या है तथा उपरोक्त जंक्शन का निर्माण कब तक किए जाने की संभावना है?

----

## अनुकम्पा आधार पर राजपत्रित पद पर नियुक्ति

86 **श्री नीरज शर्मा (फरीदाबाद एनआईटी)**:

क्या गृह मंत्री कृपया बताएंगे किः-

(क) क्या 1988 से सरकार द्वारा हरियाणा पुलिस में अनुकम्पा के आधार पर राजपत्रित पदों पर कोई नियुक्ति की गई है;

(ख) यदि हां, तो अभ्यर्थियों की नियुक्ति के समय योग्यता/आयु का ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या 1988 से कोई नियम/कानून प्रचलित हैं जो सरकार को अनुकम्पा के आधार पर हरियाणा पुलिस में राजपत्रित पदों पर ऐसी नियुक्तियां करने के लिए शैक्षणिक योग्यता तथा आयु मानदंड में छूट देने की अनुमति देता है; यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या उपरोक्त भाग 'क' में वर्णित के अनुसार ऐसे अधिकारियों के विरुद्ध कोई शिकायत दर्ज है; यदि हां, तो शिकायतों का ब्यौरा क्या है तथा ऐसी शिकायतों पर क्या कार्रवाई की गई है; तथा

(ड) इसके अतिरिक्त, हरियाणा पुलिस में राजपत्रित पदों पर 1988 से नियुक्त अभ्यर्थियों की संपत्तियों तथा देनदारियों का ब्यौरा क्या है?

----

## शस्त्र लाइसेंस ऑनलाइन जारी करना

87 **श्री नीरज शर्मा (फरीदाबाद एनआईटी)**:

क्या गृह मंत्री कृपया बताएंगे कि:-

(क) सरकार द्वारा ऑनलाइन शस्त्र लाइसेंस कब से बनाए जा रहे हैं;

(ख) ऑनलाइन शस्त्र लाइसेंस बनाने की प्रक्रिया शुरू होने से अब तक सरकार द्वारा शस्त्र लाइसेंस के लिए प्राप्त आवेदनों की संख्या कितनी है तथा 30 नवंबर, 2023 तक बनाए गए शस्त्र लाइसेंसों की संख्या कितनी है; तथा

(ग) जारी तथा रद्द किए गए नए शस्त्र लाइसेंस की संख्या कितनी है तथा शस्त्र लाइसेंसों के जारी तथा रद्द करने के कारणों के साथ-साथ उनका जिले-वार तथा जातिवार ब्यौरा क्या है?

----

## अनधिकृत कॉलोनियों की कुल संख्या

88 **श्री प्रदीप चौधरी (कालका)**:

क्या शहरी स्थानीय निकाय मंत्री कृपया बताएंगे कि:-

(क) कालका विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र में अनधिकृत कॉलोनियों की कुल संख्या कितनी है; तथा

(ख) क्या कालका विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र में गत चार वर्षो के दौरान सरकार द्वारा किसी अनधिकृत कॉलोनी को नियमित किया गया है; यदि हां, तो इसका ब्यौरा क्या है तथा यदि नहीं, तो उसके कारण क्या हैं?

----

## पिंजौर सेब मण्डी में व्यापारियों का ब्यौरा

89 **श्री प्रदीप चौधरी (कालका):**

क्या कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री कृपया बताएंगे कि क्या पिंजौर में सेब मण्डी का संचालन शुरू हो गया है; यदि हां, तो उन व्यापारियों का ब्यौरा क्या है जिन्हें सरकार द्वारा लाइसेंस जारी किए गए हैं?

----

## ठप्प पड़े ट्यूबवैलों की संख्या

90 **श्री प्रदीप चौधरी (कालका):**

क्या शहरी स्थानीय निकाय मंत्री कृपया बताएंगे कि क्या गत 5 वर्षों के दौरान कालका/ पिंजौर नगर परिषद क्षेत्रों में जल आपूर्ति को बढ़ाने के लिए कोई नए ट्यूबवैल लगाए गए हैं; यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है तथा वर्तमान में ठप्प पड़े ट्यूबवैलों की संख्या कितनी है?

----

## पार्क के कार्य को पूरा करना

91 **श्री धर्मसिंह छोकर (समालखा):**

क्या शहरी स्थानीय निकाय मंत्री कृपया बताएंगे कि:-

(क) क्या समालखा में रेलवे पार्क के अधूरे कार्य को पूरा करने तथा रेलवे सड़क के सौंदर्यीकरण का कार्य आरंभ करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; तथा

(ख) यदि हां, तो उपरोक्त प्रस्ताव के कब तक कार्यान्वित किए जाने की संभावना है?

----

## पुल पर यातायात शुरू करना

92 **श्री धर्मसिंह छोकर (समालखा):**

क्या उप-मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि क्या यह तथ्य है कि छपरौली (उत्तर प्रदेश) से बिलासपुर (हरियाणा) तक सड़क पर पुल का निर्माण हो गया है; यदि हां, तो यातायात के लिए इसको कब तक खोल दिए जाने की संभावना है?

----

## उपरिपुलों/अंडरपासों का निर्माण

93 **श्री अमरजीत ढांडा (जुलाना):**

क्या उप-मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि:-

(क) क्या यह तथ्य है कि जुलाना कस्बे की दो रेलवे क्रोसिंग जुलाना- बढ़छप्पर सड़क तथा जुलाना-देवरड़ सड़क, भारी यातायात के कारण जाम रहती है; तथा

(ख) यदि हां, तो उपरोक्त रेलवे क्रॉसिंग पर उपरिपुलों/अंडरपासों के निर्माण करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो इन उक्त ऊपरीपुलों/अंडरपासों को कब तक स्वीकृत/अनुमोदित किए जाने की संभावना है?

----

## जल भराव की रोकथाम के लिए की गई कार्रवाई

94 **श्री वरुण चौधरी (मुलाना):**

क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि मुलाना विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र में बाढ़/जल भराव की रोकथाम की लिए सरकार द्वारा क्या कार्रवाई की गई तथा प्रस्ताव की विस्तृत सूची तथा इनकी वित्तीय स्वीकृति, यदि कोई, का ब्यौरा क्या है ?

----

## मुफ्त शिक्षा के लिए निर्धारित मानदंड

95 **श्री वरुण चौधरी (मुलाना):**

क्या उच्चतर शिक्षा मंत्री कृपया बताएंगे कि राज्य में महाविद्यालयों तथा विश्वविद्यालयों में पढ़ने वाली छात्राओं की कोर्स-वार संख्या कितनी है तथा लागू होने वाली अनुसूची के साथ उन्हें मुफ्त शिक्षा देने के लिए निर्धारित मानदंड क्या है?

----

## सफाई कर्मचारियों से संबंधित ब्यौरा

96 **श्री वरुण चौधरी (मुलाना):**

क्या विकास एवं पंचायत मंत्री कृपया राज्य के गांवों में सफाई कर्मचारियों से संबंधित निम्नलिखित ब्यौरा बताएंगे :-

(क) क्या ई.एस.आई. और पी.एफ उनके वेतन से काटा जाता है और उन्हें ई.एस.आई./ पी.एफ कार्ड उपलब्ध कराए जाते हैं;

(ख) क्या इन कर्मचारियों का वेतन न्यूनतम मजदूरी से बढ़ाने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; तथा

(ग) क्या इन कर्मचारियों की सेवाओं को नियमित करने का भी कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है?

----

## बेरोजगार युवाओं की संख्या

97 **श्री बलराज कुंडू (महम)ः**

क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे किः-

(क) सरकार द्वारा हरियाणा कौशल रोजगार निगम को गठित/स्थापित करने के क्या कारण हैं;

(ख) आज तक इस पर पंजीकृत बेरोजगार युवाओं की संख्या कितनी है; तथा

(ग) उन युवाओं की संख्या कितनी है जिन्हें सरकार के माध्यम से रोजगार दिया गया तथा उसका ब्यौरा क्या है?

----

**चंडीगढ़.**
**दिनांक 19 दिसंबर, 2023.**

**राजेन्द्र कुमार नांदल,**
**सचिव**